## खास-खबरें

### रंग पंचमी पर्व पर रंगोत्सव मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर जिले में रंग पंचमी का त्योहार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर और गांवों में लोग सुबह से ही एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लेते दिखे। पारंपरिक गीतों और नृत्य के साथ त्योहार की खुशियां चारों ओर बिखरी रही। सुबह से शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला दोपहर तक लगातार चलता रहा। लोग होली और लोकगीतों पर नाचते-गाते हुए पर्व का आनंद उठाते रहे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चारों तरफ रंगों और गुलाल की छटा नजर आई। इस वर्ष रंग पंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खा रहा था। इसे देखते हुए महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया। उन्होंने शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा और एसडीओपी पूजा शर्मा सहित अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी लगातार ड्यूटी करते रहे। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### चैत्र नवरात्रि में माताजी टेकरी पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आत

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, देवासः** आगामी महापर्व चैत्र नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए माताजी टेकरी पर दर्शनार्थियों की आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में 09 मार्च को सुबह 11 बजे माँ चामुण्डा टेकरी खो-खो माता मंदिर स्थित समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है। सचिव मां चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति देवास ने सभी संबंधित अधिकारियों को कृपया बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

### सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर, सी.बी.एस.ई. विद्यालय, संजीत मार्ग, मंदसौर की प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद दीदी, सरस्वती विहार की पूर्व छात्रा व श्री राम मोहन अस्पताल , मंदसौर में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत डॉ. श्वेता पांडेय दीदी , पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक सुश्री अन्नपूर्णा सोलंकी दीदी अतिथि के रूप में उपस्थित रही। अतिथियों का परिचय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी दीदी ने दिया द्य अतिथि स्वागत महाविद्यालय की सहा.प्राध्यापक श्रीमती प्रेरणा सक्सेना व बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर के छात्राध्यापिका निकिता राठौर, ज्योति तेजमल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सरोज प्रसाद दीदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राध्यापिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की नारी में सात प्रकार की शक्तियाँ विद्यमान है। डॉ श्वेता पांडेय ने महिलाओं में विटामिन की कमी से संबंधित शारीरिक समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा कर छात्राध्यापिकाओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। सुश्री अन्नपूर्णा सोलंकी ने महिला शब्द तीन वर्ण म से ममता, ह से हिम्मत व से लज्जा से सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिका दिव्या गोस्वामी ने किया द्य कार्यक्रम मैं आभार महाविद्यालय की सहा.प्राध्यापक डॉ. कृतिका माथुर ने माना द्य कार्यक्रम का समापन कल्याण मन्त्र के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ , सरस्वती आवासीय विद्यालय के समस्त स्टॉफ, बी. एड व डी. एल. एड. की छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रही।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्राओं को मिले वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रेरक संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक महाविद्यालय में निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को विज्ञान एवं शोध के विभिन्न आयामों से परिचित कराया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी तथा एसएटीआई के प्रोफेसर डॉ. मनोज दातार द्वारा विशेष व्याख्यान दिए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह समय उनके विकास और नई सोच को विकसित करने का है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

### नकद इनाम की घोषणा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना करारिया में दर्ज अपराध क्रमांक 32-2026 के फरार अज्ञात आरोपित की सूचना देने वालो को 3 हजार रू. की नकद राशि देने की उद्घोषणा की है। वहीं, थाना मुगलसराय में दर्ज अपराध के फरार आरोपित देवेन्द्र पुत्र विशनदास त्यागी, संतोष पुत्र नारानदास त्यागी और राधरमण पुत्र देवेन्द्र त्यागी निवासी ग्राम रूसल्ला अभयराज थाना मुगलसराय की सूचना देने वालो को एक-एक हजार (प्रत्येक पर) रू. की नकद राशि देने की उद्घोषणा की है।

# तेज रफ्तार बोलेरो बनी मौत की सवारी, सत्तर फीट तक चार मासूमों को घसीटा, दो की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। मोती बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार में दौड़ती हुई एक बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े चार किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चारों को बाइक समेत करीब 70 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग चीख-पुकार करते हुए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बातचीत कर रहे थे किशोर, अचानक टूटा कहर : जानकारी के अनुसार महू निवासी अमित कौशल (16) अपने मौसी के घर लुनिया चौराहा सीहोर आया हुआ था। शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने मौसेरे भाई प्रिंशु कौशल (13) और दो अन्य साथियों धीरज व रेंचो के साथ मोती बाबा मंदिर के पास सड़क किनारे एक बाइक के पास खड़े होकर बातचीत कर रहा थे। इसी दौरान सामने से तेज



रफ्तार में आ रही बोलेरो ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित उन्हें सड़क पर घसीटते हुए आगे बढ़ गई। घायल धीरज और रेंचो की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

'मध्य प्रदेश शासन' लिखी बोलेरो, चालक मौके से फरार

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जिस बोलेरो से हादसा हुआ उस पर 'मध्य प्रदेश शासन' लिखा हुआ था और वाहन किसी रमेश राठौड़ नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव के अनुसार बोलेरो को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

**ट्रैक्टर और टैंकर से टकराकर चाय की दुकान में घुसी गाड़ीः** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद भी बोलेरो नहीं रुकी। बेकाबू वाहन पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर और फिर टैंकर से टकराकर इंदर की चाय की दुकान में जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि अमित कौशल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रिंशु कौशल को भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

**अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन कियाः** मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से पहले अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब 15-20 मिनट तक जाम रहा। अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद अर्थी श्मशान घाट के लिए रवाना हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायतों में हुईं विशेष ग्राम सभाएँ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर जिले में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

ग्राम सभाओं में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज और परिवार के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 का विरोध, बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिले के सभी सहायक यंत्री और कनिष्ठ यंत्री संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमे संघ के महासचिव श्री जी के वैष्णव द्वारा दिये गए निर्देश अनुसार दिनांक 10 मार्च मंगलवार को संसद में इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 एक तरफा रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है जिसका पुरजोर तरीके से विरोध करने हेतु तय किया गया है। 10/3/26 को अपने अपने संभागीय और वृत्त स्तर पर कार्यालय में एकत्रित होकर दिन भर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। क्योंकि इस बिल के पारित हो जाने पर निजी कंपनियों द्वारा बिजली क्षेत्र में प्रवेश कर केवल धन कमाने हेतु बड़े बिजली उपभोक्ताओं, फेक्ट्रियों/माल्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों/शहरों को हमारे ही इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग कर बिजली बेची जाएगी तथा गरीब उपभोक्ताओं/ किसानों/ ग्रामीणों को महंगी बिजली मिलेगी। क्रास सब्सिडी खत्म हो जाएगी तथा कर्मचारियों की स्थाई नौकरियां समाप्त हो जाएगी। साथ ही सांसद को ज्ञापन देकर उनसे संसद में इस बिल को पारित नहीं होने देने का अनुरोध किया जायेगा। उक्त बैठक में संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश उपमन्यु, मंदसौर वृत्त के अध्यक्ष श्री रोबिन साहू,सचिव श्री सुनील कुमार सिंह और सदस्य उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी अस्पताल भवन में आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग

**गंजबासौदा।** शासकीय राजीव गांधी अस्पताल के नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद पुराने भवन में आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज शुरू करने की मांग उठी है। क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.पी. शर्मा ने इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक और शासन को पत्र लिखकर बीएएमएस पाठ्यक्रम शुरू करने का आग्रह किया है। डॉ. शर्मा ने पत्र में कहा कि निकट भविष्य में राजीव गांधी चिकित्सालय का संचालन पुराने मंडी परिसर में बने नए भवन में होने लगेगा, जिससे वर्तमान अस्पताल भवन खाली हो जाएगा। इस भवन का उपयोग आयुर्वैदिक मेडिकल साइंस डिग्री कोर्स वाले कॉलेज के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विदिशा में पहले से ही एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा है, इसलिए गंजबासौदा में आयुर्वैदिक कॉलेज शुरू करना क्षेत्र के लिए उपयोगी साबित होगा। इससे छात्रों को बीएएमएस की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

# रंग पंचमी पर नगर में निकला भव्य जुलूस रंगों की बौछार से सराबोर हुआ शहर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** रंग पंचमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में पारंपरिक भव्य रंगारंग जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव, एसडीएम, तहसीलदार तथा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव मौजूद रहे। पूजा-अर्चना का विधि-विधान क्षेत्र के विद्वान पंडित केशव शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ कराया।

इसके बाद जुलूस गांधी चौक से प्रारंभ होकर सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान रंग से भरे टैंकरों और गुलाल की बौछार से पूरा शहर लाल-गुलाबी रंग में रंग गया।

जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस में शामिल नागरिकों का फूल-मालाओं और तिलक से सम्मान किया, वहीं व्यापारी महासंघ द्वारा ठंडाई और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कई स्थानों पर मकानों की छतों से लोगों ने रंग और फूलों की वर्षा कर उत्सव का आनंद लिया।

रंग पंचमी के इस भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में नागरिक, व्यापारी, जनप्रतिनिधि और नगर पालिका के पार्षद व कर्मचारी शामिल हुए। पूरे नगर में उत्सव और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

# 5वीं-8वीं की 37 हजार से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

**रायसेन डाइट में 15 मार्च तक चलेगी जांच; अन्य परीक्षाओं के चलते शिक्षकों की कमी**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य डाइट भवन में 5 मार्च से शुरू हो गया है। कुल 69 परीक्षा केंद्रों से आई इन कॉपियों का मूल्यांकन 15 मार्च तक पूरा किया जाना है। शनिवार को डीपीसी पीके रैकवार ने भी मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डाइट के प्रभारी प्राचार्य विजय नेमा के अनुसार, मूल्यांकन केंद्र पर कक्षा 5वीं की लगभग 16,695 और कक्षा 8वीं की 21,194 उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए पहुंची हैं। मूल्यांकन के पहले दिन (5 मार्च) को ही शिक्षकों ने करीब 6,000 कॉपियों की जांच पूरी कर ली थी। विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन 40 से 50 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने का लक्ष्य दिया गया है।


**10वीं-12वीं की परीक्षाओं के कारण मूल्यांकन में शिक्षकों की कमीः** वर्तमान में प्रदेशभर में कक्षा 10वीं और 12वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ स्कूलों में अन्य स्थानीय परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। इन परीक्षाओं में ड्यूटी लगे होने के कारण डाइट केंद्र पर 5वीं और 8वीं की कॉपियां जांचने वाले शिक्षकों की संख्या में कमी देखी जा रही है। इसके बावजूद प्रशासन का प्रयास है कि 15 मार्च की तय समय सीमा तक कार्य सुचारू रूप से पूरा कर लिया जाए।

**डीपीसी ने किया निरीक्षण, गेट पर हो रहा अलग-अलग पंजीयनः** मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए शनिवार को डीपीसी पीके रैकवार ने डाइट परिसर का दौरा किया। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर मूल्यांकन प्रक्रिया की बारीकियों को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने और शिक्षकों की सटीक उपस्थिति जानने के लिए डाइट परिसर के मुख्य गेट पर ही कक्षा 5वीं और 8वीं की कॉपियां जांचने वाले शिक्षकों का अलग-अलग पंजीकरण किया जा रहा है।

### डॉ.अम्बेडकर के चित्र को क्षतिग्रस्त किए जाने की भीमा आर्मी ने की शिकायत

**सीहोर।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत की गई है कि सीहोर नगर में कलेक्ट्रेट कार्यालय वाले रास्ते के समीप बने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर उपवन में लगी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र को आसामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे बहुजन समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा हमारे महापुरुष के चित्र को क्षतिग्रस्त कर उनका अपमान किया है। हमारी मांग है कि उचित कार्यवाही की जावे। इस अवसर पर उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय, राधे बौद्ध, गब्बर मालवीय, समाजसेवी लाड़सिह कटारिया, प्रदीप मालवीय, कृष्णा, लखन परिहार, चैनसिंह नेताजी, राकेश कटारिया, एहसान खान आदि उपस्थित रहे।

## बेतवा नदी उगल रही गंदगी, अब सख्त कार्रवाई की जरूरत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली बेतवा नदी लगातार बढ़ती गंदगी से जूझ रही है। पर्यावरण प्रेमियों द्वारा नदी में उतरकर सफाई अभियान चलाए जाने के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब लोगों को जागरूक करने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है।

हाल ही में 8 मार्च को स्वच्छता अभियान के तहत बेतवा नदी के घाटों पर सफाई की गई। इस दौरान नदी से बड़ी मात्रा में कचरा और गंदगी निकली। सफाई अभियान में शामिल पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि जब तक लोग स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तब तक नदी को पूरी तरह स्वच्छ रखना संभव नहीं है।

बताया गया कि कई लोग दाह संस्कार के बाद मृतक के कपड़े और अन्य सामग्री नदी में फेंक देते हैं। इसके अलावा मंदिरों से निकलने वाले फूल-मालाएं, नारियल, क्षतिग्रस्त झंडे और अन्य धार्मिक सामग्री भी बेतवा में ही डाल दी जाती है। मुंडन के बाद बालों को भी नदी में प्रवाहित किया जाता है, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि धार्मिक और सामाजिक संगठनों को आगे आकर लोगों को समझाना चाहिए कि वे नदी में कचरा न डालें।

## विकासखंड सोनकच्छ के ग्राम ओडनी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** विकासखंड सोनकच्छ के ग्राम ओडनी में गत दिवस सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 'आत्मा 'अंतर्गत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्राकृतिक खेती एवं नरवाई प्रबन्धन पर किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्याख्याता श्री लखन श्रीवादी जी ने कृषकों को बताया कि प्राकृतिक खेती देसी गाय के गोबर और गोमूत्र पर आधारित है। प्राकृतिक खेती में जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत का प्रयोग किया जाता है। समृद्ध खेती प्रोग्राम प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल ठाकुर ने वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि एवं वर्मी कंपोस्ट से होने वाले लाभ बारे में बताया। ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर आत्मा सोनकच्छ राकेश ककोडिया ने किसानों को सब्जी मंडी देवास में प्रति रविवार को लगने वाले जैविक एवं प्राकृतिक हाट की जानकरी दी। प्राकृतिक खेती अपनाकर खेती की लागत को कम करके शुद्ध मुनाफा बढ़ा सकते हैं। परियोजना संचालक आत्मा एम एल सोलंकी ने जीवामृत बनाने के लिए आवश्यक सामग्री तथा जीवामृत बनाने की विधि एवं इसका खेत एवं फसल में उपयोग के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री टीआर परिहार ने नरवाई प्रबंधन एवं उर्वरक ई टोकन के बारे में जानकारी दी। सहायक तकनीकी प्रबन्धक आत्मा सरिता विश्वकर्मा ने आभार प्रकट किया।

**स्पेशल खबर** श्रमदानियों ने किया नदी तट की सफाई

# रंग पंचमी पर नहीं रुका शिवना शुद्धिकरण अभियान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से चल रहा शिवना शुद्धिकरण अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में आज अभियान का 94वां दिन था । रंग पंचमी जैसे त्योहार के दिन भी श्रमदानियों का उत्साह कम नहीं हुआ और लोग शिवना नदी किनारे एकत्रित होकर श्रमदान करने पहुंचे। सभी ने मिलकर पूरे उत्साह और समर्पण के साथ नदी और उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया । श्रमदानियों ने नदी किनारे फैले प्लास्टिक कचरे, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को साफ किया । सफाई अभियान कार्य पूर्ण होने के बाद रंग पंचमी के अवसर पर सभी श्रमदानियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के इस पावन पर्व की एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं । इस प्रकार रंग पंचमी के दिन भी श्रमदानियों ने सेवा और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रात: 7:30 से 9:30 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 94वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया,रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिंटू,विजय आनंद , बालकृष्ण पोरवाल, बालकृष्ण दवे, सिंह राजपूत सामाजिक संगठन के कमल सिंह चौहान, सुरेंद्रसिंह भदोरिया,अशोक सिंह जादोन गांव गुराडिया देदा से अखिलेश शर्मा गांव धमनार से सोहन धाकड़,महिला नेत्रीयों में सोनाली जैन,राखी सत्रावाला, वर्षा सांखला,प्रमिला पंवार, दीपाली पोरवाल, कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण लाड़, विकास दशोरा,दिलीप देवड़ा,संजय नाहर, रमेश सिंगार,अजय सोनी,,मनोहर नाहटा, विश्वास दुबे,राजेश फरक्या, राजेश खिंची,सादिक गौरी, अकरम खान,आमीन खान, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़ ,प्रिंस सत्रावाल,अहद अली, गोपाल बंजारा, आदि श्रमदान में उपस्थित रहे ।